प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब से थोड़ी देर पहले राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में स्थित सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–1 तथा 2 का औपचारिक उद्घाटन किया। श्री मोदी आज शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी की आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक–केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मंत्रिमंडल सचिवालय स्थित हैं, जो पहले अलग–अलग स्थानों पर थे। नए भवन परिसरों में आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के भीतर प्रशासनिक कार्यों को समेकित किया गया है।

****

संसद के दोनों सदनों में बजट सत्र के पहले चरण का आज समापन हो गया। बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। इससे पहले आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों के शोर शराबे के कारण प्रश्नकाल सुचारू रूप से नहीं चल सका। वहीं राज्यसभा में कई विधायी कार्य निपटाये गये। गौरतलब है कि बजट सत्र के पहले चरण की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के रातु रोड स्थित मधुकम इलाके में चल रही दखल–दिहानी की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायालय के इस आदेश से उन परिवारों को बड़ी राहत मिली है, जिनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने इस मामले में हेहल अंचल अधिकारी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी श्रोताओं, प्रसारकों एवं इस माध्यम से जुड़े कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडियो ने दूरस्थ क्षेत्रों तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचाकर समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इधर, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

****

बेरोजगारी दूर करने को लेकर प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के उद्यमियों ने गिरीडीह और रामगढ़ औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे करने के बाद रामगढ़ में महत्वपूर्ण बैठक किया। इस दौरान एक कंपनी के मैनेजर ने बताया कि बेरोजगारी दूर करने में राज्य सरकार के टूल रूम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

****

रांची में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राजधानी की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत रविवार सवेरे 05.00 बजे से रात 10.00 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के महान वीर योद्धा, लरका आंदोलन के प्रणेता तथा कोल विद्रोह के महानायक अमर शहीद वीर बुधु भगत की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि–कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत का बलिदान अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष की प्रेरणा देता है।

****